Roll No.
रोल नं.

Series SHC

Code No. 100
कोड नं.

- Please check that this question paper contains 6 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 28 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 6 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 28 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

FASHION STUDIES
फैशन अध्ययन

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 70*
निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 70*

General Instructions :

(i) This question paper consists of four sections A, B, C and D. Section A contains 5 questions of 1 mark each. Section B is of 10 questions of 2 marks each. Section C is of 10 questions of 3 marks each and Section D is of 3 questions of 5 marks each.

(ii) All questions are compulsory.

(iii) There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in one question of 2 marks, one question of 3 marks and all the three questions of 5 marks weightage. Attempt only one of the choices in such questions.

(iv) Questions number 1 to 5 are to be answered in one word or one sentence each.

(v) Questions number 6 to 15 are to be answered in approximately 20 - 30 words each.

(vi) Questions number 16 to 25 are to be answered in approximately 30 - 50 words each.

(vii) Questions number 26 to 28 are to be answered in approximately 80 - 120 words each. Where only diagrams are asked word limit does not apply.

सामान्य निर्देश :

(i) इस प्रश्न पत्र में चार खण्ड अ, ब, स तथा द हैं। खण्ड अ में 5 प्रश्न हैं जिनके प्रत्येक के 1 अंक हैं। खण्ड ब में 10 प्रश्न हैं जिनके प्रत्येक के 2 अंक हैं। खण्ड स में 10 प्रश्न हैं जिनके प्रत्येक के 3 अंक हैं और खण्ड द में 3 प्रश्न हैं जिनके प्रत्येक के 5 अंक हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है। फिर भी दो अंकों वाले एक प्रश्न में, तीन अंकों वाले एक प्रश्न में और पाँच अंकों वाले तीनों प्रश्नों में भीतरी चयन विकल्प उपलब्ध है। ऐसे प्रश्नों में आपको दिए गए चयन में से केवल एक ही प्रश्न करना है।

(iv) प्रश्न संख्या 1 से 5 का प्रत्येक का उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए।

(v) प्रश्न संख्या 6 से 15 का प्रत्येक का उत्तर लगभग 20-30 शब्दों में दीजिए।

(vi) प्रश्न संख्या 16 से 25 का प्रत्येक का उत्तर लगभग 30-50 शब्दों में दीजिए।

(vii) प्रश्न संख्या 26 से 28 का प्रत्येक का उत्तर लगभग 80-120 शब्दों में दीजिए। जहाँ केवल चित्र आवश्यक हो वहाँ शब्द सीमा लागू नहीं होगी।

SECTION A

खण्ड अ

1. Name the two main seasons for which the collections are showcased by designers. 1

अभिकल्पक (डिजाइनर्स) कौनसे दो मुख्य मौसमों के लिए अपनी संग्रहित अभिकल्पनाओं (कलेक्शन्स) का प्रदर्शन करते हैं ?

2. What do you understand by the term 'Prototype' ? 1

'प्रोटोटाइप' शब्द से आप क्या समझते हैं ?

3. How can you draft basic block to fit an individual figure ? 1

आप एक मौलिक खाके (ब्लॉक) से व्यक्तिगत आकार को फिट करने के लिए उपयुक्त प्रारूप कैसे तैयार कर सकते हैं ?

4. Name the sources from which wool and linen fibres are obtained. 1

उन स्रोतों के नाम बताइए जिनसे ऊन और लिनन तन्तु प्राप्त किए जाते हैं।

5. "Cotton fibre is spun at a very high tension to produce sheen in the yarn and to make it wrinkle-resistant without using any chemicals." Name one such fabric. 1

''सूती धागे को सिकुड़न-रहित बनाने और चमक देने के लिए, बिना रसायन का प्रयोग किए, उसे बहुत ज्यादा तनाव पर काता जाता है।'' इस तरह बनाए गए किसी एक कपड़े का नाम दीजिए।

SECTION B

खण्ड ब

6. What are the points to be considered before fitting a garment ? (Give any two) 2

वस्त्रों को अनुरूप बनाने के पहले किन आवश्यक बातों का ध्यान रखा जाता है ? (कोई दो दीजिए)

7. What do you understand by the term 'General Sizing System' ? And who is responsible for developing the sizing systems ? 2

'सार्वजनिक माप प्रणाली' से आप क्या समझते हैं ? और इसे विकसित करने के लिए कौन जिम्मेवार है।

8. Differentiate between casual slacks/pants and dressy trousers. 2

अनियमित (केजुअल) और सजीली (ड्रेसी) पतलूनों में भेद कीजिए।

9. "When ostentation and exaggeration dominates other practical concerns, the resultant look may become distinctive but impractical." Explain this with example of 'Men's Breeches' of 18th century England. 2

''जब आडम्बर और अतिशयोक्ति बाकी सभी व्यावहारिक महत्त्वों से ऊपर उठ जाए तो परिणामिक दृष्टि/आकार बहुत विशिष्ट लेकिन अव्यावहारिक होता है।'' दिए गए कथन को अठारहवीं सदी के इंग्लैड में प्रचलित 'पुरुषों की ब्रीचस' का उदाहरण लेकर समझाइए।

10. Give any one advantage and one disadvantage each of natural and synthetic fibres. 2

प्राकृतिक और कृत्रिम रूप से बने हुए तंतुओं के कोई एक-एक लाभ और हानि बताइए।

11. Which factor leads to a gradual shift in the women's wear from elaborate clothing and hair styles in the past to simple silhouettes at the turn of the century ? List down the main sources of fashion trends for women's wear. 2

युगसन्धि में (शताब्दी बदलते समय) कौनसे तत्त्व ने महिलाओं के पहनावे को भूतपूर्व में प्रचलित अलंकृत पहनावे और केश-सज्जा से साधारण रूपरेखा वाले पहनावे में धीरे-धीरे बदल दिया ? महिलाओं के पहनावे का प्रचलित झुकाव (फैशन ट्रेन्ड्स) बताने वाले मुख्य स्रोतों के नाम लिखिए।

12. (a) What kind of colours and prints are most suitable for children ? List them down.

(b) What kind of fabrics should be selected for children and why ? 2

(अ) बच्चों के लिए किस प्रकार के रंग और छापे सबसे ज्यादा उपयुक्त होते हैं ? सूची बनाइए।

(ब) बच्चों के लिए किस प्रकार के कपड़ों का चयन करना चाहिए और क्यों ?

13. Describe the various measurements required for making necklines in the garments. Give the importance of doing stay stitching on necklines. 2

वस्त्रों में गले बनाने के लिए जिन अनेक मापों की आवश्यकता होती है, उन्हें विस्तार से बताइए। वस्त्र के गले पर स्थायी टाँका (स्टे स्टिचिंग) करने की महत्त्वता दीजिए।

14. "Indigenous clothing in different parts of the world used locally available material and craft skills of the people." Provide two examples favouring the statement. 2

OR

"Rulers have attempted to maintain the status quo between themselves and commoners by passing hypocritical laws pertaining to the materials and clothes of all classes at different points of time in history." Discuss with two examples.

''दुनिया के विभिन्न हिस्सों में देसी पहनावे के निर्माण में स्थानीय वस्तुओं और वहाँ के लोगों के दस्तकारी कौशलों का उपयोग होता था।'' इस कथन के समर्थन में दो उदाहरण दीजिए।

अथवा

''इतिहास के विभिन्न समयकाल में, शासकों ने अपने और प्रजा के बीच यथापूर्व स्थिति बनाए रखने के लिए कुछ ऐसे दम्भी नियम पारित किए जिनका सम्बन्ध सभी वर्गों की वस्तुओं और कपड़ों से था।'' दो उदाहरण देते हुए व्याख्या कीजिए।

15. Differentiate between bias and shaped facings used in garment construction. 2

वस्त्रों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाली तिरछी पट्टी और आकृतिक (शेप्ड) पट्टी में भेद कीजिए।

SECTION C

खण्ड स

16. Discuss the factors responsible for the growth of fashion industry in Japan. 3

जापान के फैशन-व्यवसाय को बढ़ाने के लिए ज़िम्मेवार तत्त्वों की विवेचना कीजिए।

17. What is the purpose of applying lining in a garment ? What kind of material should be used and what points should be considered while selecting lining ? 3

वस्त्रों में अस्तर लगाने का क्या उद्देश्य है ? इसके लिए किस प्रकार का कपड़ा प्रयोग करते हैं और इसका चयन करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

18. "Bifurcated garments require a well-fitted crotch for comfort and durability." Briefly explain the qualities of a well-fitted crotch. 3

''द्विशाखित (बाइफर्केटिड) वस्त्रों के आराम और टिकाऊपन के लिए एक उपयुक्त ऊरुसन्धि की आवश्यकता होती है।'' संक्षेप में एक अच्छी तरह से फिट ऊरुसन्धि के गुण बताइए।

19. Differentiate between natural, synthetic and blended fabrics. 3

प्राकृतिक, कृत्रिम और मिश्रित कपड़ों में भेद कीजिए।

20. How will you take the following measurements ? 3

(a) Round bust

(b) Full sleeve length

(c) Apex measurement

आप नीचे लिखे गए माप किस प्रकार लेंगे ?

(क) छाती की गोलाई

(ख) पूरी बाँह की लम्बाई

(ग) शिरोबिन्दु (एपेक्स) का माप

21. "Primitive man believed that certain costumes could endow special attributes and would protect him from the evil eye." Discuss this giving examples. (Any three) 3

''आदिमानव को विश्वास था कि कुछ वेशभूषाएँ उसे खास गुणों से सम्पन्न बना सकती हैं और उसे बुरी नज़र से बचाती हैं।'' उदाहरण देते हुए इसकी चर्चा कीजिए। (कोई तीन)

22. "A pattern carries some neccessary information." Mention any six. 3

''पैटर्न पर कुछ जरूरी सूचनाएँ दी जाती हैं।'' कोई छः सूचनाएँ बताइए।

23. Give the causes of fitting problems in garments. 3

वस्त्रों के उपयुक्त (फिट) न बैठने के कारण बताइए।

24. Elaborate the term 'Uttariya'. Briefly describe the manner of wearing it by courtiers and commoners in Ancient India. 3

OR

What do you understand by the term 'Antariya' ? Briefly discuss its style of draping by men and women in Ancient India.

'उत्तरीया' शब्द को विस्तार से समाइए। दरबारियों और प्रजा द्वारा उसे बाँधने के तरीके की संक्षिप्त विवेचना कीजिए।

अथवा

'अन्तारिया' शब्द से आप क्या समझते हैं ? प्राचीन भारत में स्त्रियों और पुरुषों द्वारा इसे बाँधने के तरीके की संक्षेप में विवेचना कीजिए।

25. What are the reasons of a garment hanging out of balance ? Give any three. 3

वस्त्रों में सन्तुलन न होने के क्या कारण हैं ? कोई तीन कारण दीजिए।

SECTION D
खण्ड द

26. "The principal fighting force of the Roman army was Legionary Infantry men." Discuss the war-uniform worn by these men. 5

OR

"Since ancient times, beautification of the self through decoration of either clothes or the body itself has been the pre-occupation of humans." Discuss this with reference to the 'theory of adornment'.

''रोमन सेना की प्रमुख लड़ाकू शक्ति उसकी पैदल सेना के सैनिक थे।'' उनके द्वारा पहनने वाली युद्ध-पोशाक की विवेचना कीजिए।

अथवा

''प्राचीनकाल से ही, अपने-आप को अलंकृत वस्त्रों द्वारा या फिर शरीर को सजाकर, सुन्दर दिखाना ही इंसान का पहला काम रहा है।'' 'श्रृंगार के सिद्धान्त' के सम्बन्ध में इसकी चर्चा कीजिए।

27. "The shirt is very important in the men's wear wardrobe." Describe the most important features of a 'classic-shirt'. 5

OR

(a) What do you understand by the term 'Frills or ruffle' ? How is circular ruffle different from other ruffles ?

(b) Define the term 'Zipper'. What kind of zips are suitable for children's and women's wear ?

(c) Elaborate the term 'Button-holes'.

''पुरुष परिधानों में कमीज अति महत्त्वपूर्ण है।'' उत्कृष्ट-कमीज़ की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण विशेषताएँ विस्तार से बताइए।

अथवा

(क) 'झालर' शब्द से आप क्या समझते हो ? घुमावदार झालर अन्य झालरों से किस तरह अलग है?

(ख) 'ज़िपर' शब्द की परिभाषा दीजिए। बच्चों और महिलाओं के परिधानों में किस प्रकार के ज़िप उपयुक्त होते हैं ?

(ग) 'बटन-होल' शब्द का विस्तार कीजिए।

28. Explain the steps of constructing 'simple-shirt placket' with neat labelled diagrams of the steps involved. 5

OR

Describe the method of attaching 'set-in-sleeve' with neat labelled diagrams showing the steps involved.

'कमीज़ की साधारण बटन-पट्टी' बनाने के चरणों की उनके स्वच्छ एवं नामांकित चित्रों सहित व्याख्या कीजिए।

अथवा

विभिन्न चरणों के स्वच्छ एवं नामांकित चित्रों सहित, 'आस्तीन' लगाने की विधि का वर्णन कीजिए।